# केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

**द्वितीय आवधिक परीक्षा -2023-24**

**कक्षा-7** विषय-हिन्दी समय 1:30 घंटा पूर्णांक-40

.................................................................................................................................

सामान्य निर्देश: 1. इस प्रश्न पत्र में कुल 7 प्रश्न है और तीन खंड है। निर्देश अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(खंड- क)**

**प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए- (अंक-1 X 5=5)**

सब जीव – जंतु भागकर इधर – उधर छिप गए , केवल एक शिशु खरगोश साँप की पकड़ में आ गया। निगलने के प्रयास में साँप ने उसका आधा पिछला शरीर तो मुँह में दबा रखा था , शेष आधा जो बाहर था , उससे चीं – चीं का स्वर भी इतना तीव्र नहीं निकल सकता था कि किसी को स्पष्ट सुनाई दे सके। नीलकंठ दूर ऊपर झूले में सो रहा था। उसी के चौकन्ने कानों ने उस मंद स्वर की व्यथा पहचानी और वह पूँछ – पंख समेटकर सर से एक झपट्टे में नीचे आ गया। संभवतः अपनी सहज चेतना से ही उसने समझ लिया होगा कि साँप के फन पर चोंच मारने से खरगोश भी घायल हो सकता है। उसने साँप को फन के पास पंजों से दबाया और फिर चोंच से इतने प्रहार किए कि वह अधमरा हो गया।

**(i) सभी जीव – जंतु भागकर इधर – उधर क्यों छिप गए?**

(क) लेखिका के डर से (ख) नीलकंठ के डर से

(ग) साँप के डर से (घ) इनमें से कोई नही

**(ii) खरगोश के बच्चे को किसने पकड़ लिया?**

(क) राधा ने (ख) साँप ने (ग) नीलकंठ ने (घ) कबूतर ने

**(iii) अपने चौकन्ने कानों से खरगोश के बच्चे के मंद स्वर की व्यथा को किसने पहचानी?**

(क) नीलकंठ ने (ख) कबूतर ने (ग) खरगोश ने (घ) राधा ने

(iv) साँप के फन को अपने पंजों से किसने दबाया ?

(क) राधा ने (ख) कबूतर ने (ग) तोते ने (घ) नीलकंठ ने

**(v) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम बताएं।**

(क) चिड़िया की बच्ची (ख) नीलकंठ (ग) अपूर्व अनुभव (घ) हम पक्षी उन्मत्त गगन के

**प्रश्न 2-निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए- (अंक -1X5 = 5)**

मैं झिझक उठा , हुआ बेचैन – सा ,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।
जब किसी ढब से निकल तिनका गया ,
तब ‘ समझ ’ ने यों मुझे ताने दिए ।
ऐंठता तू किसलिए इतना रहा ,
एक तिनका है बहुत तेरे लिए ।

**(i) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ के रचयिता कौन है?**



https://www.evidyarthi.in/

(क) प्रयाग शुक्ल (ख) भगवती प्रसाद वाजपेयी(ग) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (घ) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

**(ii) कवि बेचैन क्यों हो उठा?**

(क) आँख में धूल चले जाने के कारण (ख) आँख में तिनका चले जाने के कारण

(ग) आँख में पानी चले जाने के कारण (घ) आँख में रेत चले जाने के कारण

**(iii)लोगों ने कवि के आँख से तिनका कैसे निकाला?**

(क) कपड़े की मूँठ से (ख) हवा से (ग) पानी से (घ) इनमें से कोई नहीं

**(iv) कवि के मन से कौन बिना कोई आवाज़ किए कहीं दूर भाग गए?**

(क) तकलीफ (ख) दर्द (ग) घृणा (घ) अहंकार और घमंड

**(v) कवि के घमंड को किसने चकनाचूर कर दिया?**

(क) एक बच्चे ने (ख) एक नौजवान ने (ग) एक तिनके ने (घ) एक घास ने

**(खंड- ख)**

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**1.उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए-(अंक 1X5 = 5)**

**(छप से, टप से, थर्र से, फुर्र से, सन् से)**

(क) शोर होते ही चिड़िया .......... उड़ी। (ख) ठंडी हवा .......... गुजरी। (ग) मैं ठंड में ........... काँप गया।

(घ) मेंढक पानी में ........... कूद गया।(ड़) नल बंद होने के बाद पानी की एक बूंद ............ चू गई।

**2.नीचे दिए गए शब्दों के संधि-विग्रह कीजिए-(अंक 1X2 = 2)**

(क) सिंहासन = ................. (ख) नील + आभ = .............

**3. संज्ञा और......... की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं।(अंक 1X1= 1)**

(क) क्रिया (ख) विशेषण (ग) सर्वनाम (घ) लिंग

**4. खान- पान कौन से समास का उदाहरण है ?(अंक 1X1= 1)**

(क) द्विगु समास (ख) कर्मधारय समास

(ग) द्वंद समास (घ) बहुव्रीहि समास

**5. 'अब तो उत्तर भारत की <u>'ढाबा'</u> संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है। रेखांकित शब्द है? (अंक 1X1 = 1)**

(क) पुनरुक्ति शब्द (ख) विशेषण (ग)संज्ञा (घ)सर्वनाम

**(खंड - ग)**

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए -(2x3= 6)

(क) एक तिनका कविता के माध्यम से हमें क्या संदेश मिलता है?

(ख) लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन-सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?

(ग) खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है? अपने घर के उदाहरण देकर इसकी व्याख्या करें।

(घ) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बाल महाभारत कथा के आधारित किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए - (2 x 2 = 4)**



https://www.evidyarthi.in/

(क ) अभिमन्यु का विवाह किसके साथ हुआ था ?

(ख) पांचाल देश के राजा कौन थे?

(ग) युधिष्ठिर के उत्तर से प्रसन्न हो कर यक्ष ने क्या कहा ?

**(खंड -घ )**

**प्रश्न 6. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।(5X1=5 )**

- अपने शीतऋतु अवकाश के बारे में वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

अथवा

- प्रधानाचार्य को पत्र लिखते हुए बताइए कि विद्यालय में खेल का सामान कम होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5X1=5 )**

**मेरा प्रिय खिलाड़ी** अथवा **जल ही जीवन है**



https://www.evidyarthi.in/